हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 20 सितंबर 2025

11 स्वर्गीय छाजूराम की स्मृति में कुंगड़ में लगाए ...



12 सीबीएलयू के छात्रों ने परीक्षा परिणामों में देरी व ...



**खबर संक्षेप**

### 26 को होगी परिवेदना समिति की बैठक

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डा. मुनीष नागपाल ने बताया कि 26 सितंबर को जिला कष्ट निवारण एवं परिवेदना समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक सुबह 11 बजे लघु सचिवालय के प्रथम तल स्थित सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक में कृषि मंत्री के समक्ष कुल 15 शिकायतें रखी जाएंगी, जिनमें 1 लंबित व 12 नई शिकायतें शामिल हैं।

### श्रीश्याम वार्षिक महोत्सव में गंगवा होंगे मुख्यातिथि

**भिवानी।** श्री सांवरिया स्नेह मंडल भिवानी द्वारा आगामी 31 अक्तूबर को मिनी बाईपास रोड स्थित विदाई पैलेस में श्रीश्याम वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोकनिर्माण विभाग मंत्री रणबीर गंगवा को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया है। श्री सांवरिया स्नेह मंडल भिवानी के सदस्य पूर्व नगर परिषद चेयरमैन मामनचंद अग्रवाल और भारतीय प्रजापति हीरोज आर्गेनाईजेशन के सह-संस्थापक रमेश टांक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री गंगवा से मुलाकात कर उन्हें महोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

### शिविर में 60 महिलाओं की आंखें जांची



**चरखी दादरी।** गीत अर्जुना फाउंडेशन ने बौंद कलां की ओर से शुक्रवार को अपना घर आश्रम भिवानी में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 60 महिलाओं की आंखों की जांच की गई। इस अवसर पर 41 जरूरतमंदों को चश्मे एवं दवाइयां वितरित की। साथ ही चार महिलाओं का चयन ऑपरेशन हेतु किया गया। शिविर में डॉ. नीतू ने मरीजों की आंखों की जांच की और उपस्थित महिलाओं को आंखों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

### नपा ने चलाया फॉगिंग अभियान



**लोहारू।** बरसाती सीजन की समाप्ति के बाद इन दिनों शहर के विभिन्न हिस्सों में मच्छर मक्खियों ने लोगों को खासा परेशान कर रखा है। सांय ढलते ही दुपहरिया वाहन चालकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती हैं वहीं रात्रि में मच्छरों के कारण लोगों का घरों में भोजन करना तक मुहाल हो गया है। लोगों की परेशानी को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने शहर में फॉगिंग अभियान की शुरूआत की है तथा विभिन्न वार्डों में फॉगिंग कराई जा रही है।

## किसानों को अपना उत्पाद बेचने के लिए शहर में नहीं खाने पड़ेंगे धक्के

# छपार में चार एकड़ में बनेगा खरीद केंद्र और चार गांवों में बनेंगे उप स्वास्थ्य केंद्र

चरखी दादरी के विधायक सुनील सांगवान ने गांव छपार के फसल खरीद केंद्र का शिलान्यास किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

गांव छपार में करीब चार एकड़ में फसल खरीद केंद्र का निर्माण किया जाएगा। खरीद केंद्र पर दो करोड़ 56 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र के किसानों को लाभ मिलेगा। शुक्रवार को चरखी दादरी के विधायक सुनील सांगवान ने गांव छपार के फसल खरीद केंद्र का शिलान्यास किया। विधायक सांगवान ने खरीद केंद्र के शिलान्यास के बाद कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खरीद केंद्र बनने से किसानों को अपना उत्पाद बेचने के लिए दूर शहर में नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें आर्थिक रुप से फायदा पहुंचेगा।

खरीद केंद्र इसी साल बनकर तैयार होगा, जिस पर दो करोड़ 56 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। खरीद केंद्र करीब चार एकड़ में बनाया जाएगा। और आगामी रबी फसलों की खरीद छपार गांव में ही होगी। विधायक सांगवान ने बताया कि मार्केटिंग बोर्ड द्वारा चार एकड़ में तैयार होने वाले इस फसल खरीद केंद्र पर लगभग 2 करोड़ 55 लाख 89 हजार रुपये की धनराशि खर्च होगी। विधायक ने मौके पर लोगों की समस्याएं सुनी और निदान बारे अधिकारियों को निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के लिए प्रयासरत है। पार्षद से लेकर विधायक और केंद्रीय मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक सभी जनप्रतिनिधि तालमेल के साथ कार्य कर रहे हैं, जिनका फायदा आमजन को मिल रहा है। विकास कार्यों को लेकर हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सीधे रूप से आमजन को मिल रहा है। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के एक्सईएन अजय राठी, सचिव विजय कुमार, एसडीओ प्रदीप देशवाल के अलावा आसपास के गांवों के सरपंच भी मौजूद रहे। वहीं 2.20 करोड़ की लागत से दादरी के चार गांवों में उपस्वास्थ्य केंद्र बनाए जाएंगे, जिनका आमजन को सीधा लाभ प्राप्त होगा। चरखी दादरी जिले के गांव झींझर, भागवी, डुडीवाला किशनपुरा और भागेश्वरी में उपस्वास्थ्य केंद्र खोलने के लिए सरकार ने बजट जारी कर दिया हैं। चारों गांवों में उप स्वास्थ्य केंद्रों के नए भवन बनाए जाएंगे।



भिवानी। फसल खरीद केंद्र का शिलान्यास करते विधायक सुनील सांगवान। फोटो : हरिभूमि

### नायब सरकार ने दिया नायाब तोहफा

विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि प्रदेश की नायब सरकार ने दादरी के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए चार गावों में नए उप स्वास्थ्य केंद्र बनाने का नायाब तोहफा दिया हैं। विधायक द्वारा सौंपे मांगपत्र के बाद स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने मंजूरी पत्र के साथ गांवों में बनने वाले स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण को लेकर संबंधित विभाग द्वारा पत्र जारी किया है। विधायकने बताया कि दादरी विस में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए विस में मामला उठाया था।

### जल्द शुरू होगा निर्माण

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने दादरी के कई गांवों में उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने के संबंध में विधायक सुनील सांगवान को आश्वासन दिया था। सरकारी द्वारा अब दादरी के चार गांव झींझर, भागवी, डुडीवाला किशनपुरा और भागेश्वरी में उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने के बारे में बजट जारी किया है। इन गांवों में इनका निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। विधायक ने बताया कि सभी गांवों में 50 लाख 50 हजार प्रति केंद्र की लागत से उपस्वास्थ्य केंद्र बनाए जाएंगे। इन केंद्रों के बनने से न सिर्फ ग्रामीणों को बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं गांव में ही मिलेंगी, बल्कि टीकाकरण अभियान को भी नई गति मिलेगी। साथ ही गर्भवती महिलाओं और बच्चों को प्राथमिक उपचार के लिए शहर के अस्पतालों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि उप स्वास्थ्य केंद्र बनने के बाद ग्रामीणों को बुखार, खांसी-जुकाम, चोट-चपेट जैसी सामान्य बीमारियों का इलाज गांव में ही मिल सकेगा। इससे समय और पैसे दोनों की बचत होगी।

## छह ग्राम पंचायतों ने की प्लास्टिक फ्री की घोषणा

**भिवानी।** प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत जिले की छह ग्राम पंचायतों ने प्लास्टिक फ्री होने की घोषणा की है। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों ने ग्रामवासियों से गांव को प्लास्टिक फ्री बनाए रखने में अपना सहयोग देने की अपील की है।

17 सितंबर से प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पूरे देशभर में सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। सीईओ जिला परिषद अजय चोपड़ा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्रामीणों के सहयोग से खण्ड बवानी खेड़ा की पंचायत मिलकपुर, खण्ड भिवानी की ग्राम पंचायत ढाणी ब्राह्मणान, खंड लोहारू की ग्राम पंचायत झांझड़ा श्योराण, खण्ड कैरू की ग्राम पंचायत लाडियावाली, खण्ड सिवानी की ग्राम पंचायत मोतीपुरा व बहल की ग्राम पंचायत शहरयारपुर ने स्वच्छता ही सेवा अभियान गतिविधियों के दौरान प्लास्टिक फ्री होने की घोषणा की है। जो कि बहुत सराहनीय है।

■ सेवा पखवाड़े के तहत ग्रामीण आंचल चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में जागरूक पंचायतों ने लिया निर्णय

वहीं गांव मिलकपुर के सरपंच भीम सिंह ने बताया कि गांव में प्लास्टिक का प्रयोग अत्यधिक होने लगा था, जिसका कोई उचित प्रबंधन भी नही था। अनाधिकृत प्लास्टिक का प्रयोग न करने को लेकर गांव में घर-घर जाकर जागरूकता बढ़ाने का फैसला लिया गया। गांव के स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र व सार्वजनिक स्थानों पर पर विशेष प्लास्टिक बंद करने अभियान चलाया गया। गांव के दुकानदारों ने भी पूर्ण सहयोग दिया। गांव को प्लास्टिक फ्री घोषित करने में स्वच्छ भारत मिशन से दिनेश राठी, पंचायत विभाग से ग्राम सचिव बलजीत, ग्राम पंचायत के सदस्यों व समाजसेवी आनंद यादव की अहम भूमिका रही। सभी गांव वासियों अपील की गई है कि वे कहीं भी प्लास्टिक कचरा मिले तो ग्राम पंचायत को सूचना दे।



बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा जलघर से सुंदर नहर तक बिछाई पाइपलाइन का मुआयना करते हुए विधायक कपूर वाल्मीकि। फोटो : हरिभूमि

## जन स्वास्थ्य विभाग ने बिछाई पाइपलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा में बरसाती, सीवरेज, चोए के पानी की समस्या से छुटकारा मिलेगा भविष्य में ऐसी आपदा आती है तो उसे तुरंत प्रभाव से निपटा जाएगा। इसके लिए विधायक कपूर वाल्मीकि ने मुख्यमंत्री से पानी निकासी व पाइपलाइन बिछवाने के लिए उनका आभार जताया और बताया कि ये पाइपलाइन दोहरी भूमिका अदा करते हुए शहरवासियों के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

विधायक कपूर वाल्मीकि ने बताया कि 24 करोड़ 65 लाख की लागत से प्रथम जलघर से लेकर शहर से 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सुंदर नहर तक बिछाई गई पाइपलाइन डबल काम करेगी। सुंदर नहर में पानी आने पश्चात जलघर में पीने का पानी जमा किया जाएगा ताकि शहरवासियों के घर-घर तक पानी की सप्लाई छुड़वाई जा सके और यदि शहर में किसी आपदा से बारिश या अन्य कारण से पानी जमा होता है तो मोटर-पंप के माध्यम से उस पानी की निकासी की जाएगी। क्योंकि इस बार जो दिक्कतों का सामना करना पड़ा है वह आज तक देखने को नहीं मिला। लोगों की बरसों की कमाई पानी में बह गई और कोई कुछ नहीं पाया। लेकिन अब ऐसी समस्याओं का सामना बार बार नहीं करना पड़ेगा। वहीं उन्होंने बताया कि समय समय पर इस पाइपलाइन की सफाई करवाई जाएगी।

■ दोहरी भूमिका अदा करेगी पाइपलाइन, पीने के पानी को जलघर में व बरसाती सहित शहर में जमा पानी को नहर में छोड़ने का करेगी काम

## अल्ट्रासाउंड मशीन बंद, निराश होकर घर लौटना पड़ रहा

### नागरिक अस्पताल में चिकित्सक सप्ताह की छुट्टी पर गया, मरीज परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जनसंघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को चौधरी बंसीलाल नागरिक हस्पताल का दौरा किया। इस दौरान उन्हें पता लगा कि 18 सितंबर से अल्ट्रासाउंड के एक डाक्टर एक सप्ताह छुट्टी हैं, जिसके चलते अल्ट्रासाउंड मशीन बंद है। अस्पताल में अल्ट्रासाउंड का डॉक्टर नहीं होने पर मरीजों विशेषकर गर्भवती महिलाओं को बगैर निराश होकर घर लौटना पड़ रहा हैं।

अस्पताल में अल्ट्रासाउंड करवाने आए मरीजों ने बताया कि उन्हें ये करवाना जरूरी था तथा अब वे प्राईवेट अस्पतालों में जाकर 800 से एक हजार रुपये तक देकर अल्ट्रासाउंड करवाने को मजबूर है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए जनसंघर्ष समिति के जिला संयोजक व माकपा नेता कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि ये हमारे जिले के लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि 400 करोड़ रुपये लगाकर हमारी राज्य सरकार ने नया मेडिकल कॉलेज बनवाया है और नागरिक हस्पताल का नवीनीकरण करने पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन मरीजों की सुविधा के लिए दूसरा अल्ट्रासाउंड मशीन के लिए डॉक्टर उपलब्ध नहीं करवाया, जब एक डॉक्टर किसी घरेलू आवश्यक कार्य के लिए मजबूरी में छुट्टी चला जाता है तो कम से कम आपातकाल में दूसरा डॉक्टर उसकी जगह काम करने वाला होना चाहिए। यह व्यवस्था हस्पताल प्रशासन व राज्य सरकार नहीं कर पा रही है तो जनस्वास्थ्य के प्रति सरकार कितनी गंभीर है, इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नागरिक हस्पताल में चार लिफ्ट मशीनें जर्जर होकर बंद हो गई, बजट आने के बाद भी वे नई मशीनें नहीं लगाई जा रही हैं। मरीजों व उनके तिमारदारों को चार मंजिला इमारत पर चढ़ने में कितनी परेशानियां हो रही होगी, इसका अंदाजा अस्पताल प्रशासन महसूस भी नहीं कर रहा है। मेडिकल कॉलेज शुरू हुए काफी अरसा हो चुका, लेकिन विशिष्ट बीमारियों के डॉक्टर भर्ती नहीं करने से अभी भी गंभीर मरीजों को रोहतक पीजीआई रैफर किया जा रहा है। उन्होंने लोगों की सुविधा के लिए तुरंत अल्ट्रासाउंड के लिए दूसरा डॉक्टर लगाने, चार खराब व जर्जर लिफ्ट मशीनों की जगह चार नई मशीने लगाने की मांग की।



■ मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों में जाने पर किया जा रहा मजबूर, अस्पताल प्रशासन करें वैकल्पिक व्यवस्था : कामरेड ओमप्रकाश

### जबरन वसूली करने और धमकी देने के मामले में आरोपित को किया गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस टीम ने जबरन वसूली व धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से रजिस्टर, कॉपी, शिकायतकर्ता के चांदी के जेवरात, परनोट, खाली कागज व एक गाड़ी को पुलिस कब्जे में लिया गया है। विक्की निवासी बहल ने थाना बहल पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह बहल अनाज मंडी में पल्लेदारी का काम करता है और अंकित निवासी सिरसी से करीब एक महीने पहले 5,000 रुपये ब्याज पर लिए थे। इसके बदले में अंकित ने जमानत के तौर पर शिकायतकर्ता के चांदी के गहने गिरवी रखे थे और उसके बदले में शिकायतकर्ता को 6,000 रुपए अंकित को देने थे, लेकिन अंकित ज्यादा ब्याज वसूल करके पैसे नहीं देने पर धमकी देता है। जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना बहल में दर्ज किया था। थाना बहल के सहायक उप निरीक्षक जोगिंदर कुमार ने डरा धमकाकर जबरन वसूली करने के मामले में आरोपी अंकित पुत्र देवेंद्र सिंह निवासी सिरसी जिला भिवानी के रूप में हुई है।

■ रजिस्टर, कॉपी, शिकायतकर्ता के चांदी के जेवरात, परनोट, खाली कागज बरामद

### पालुवास के महावीर गिरी ने लिया संन्यास बाबा धुणीवाला आश्रम का संचालन संभाला

**भिवानी।** जिले के पालुवास गांव की पवित्र धरती पर जन्मे महावीर गिरी ने श्रीमहंत डॉक्टर अशोक गिरी महाराज के सानिध्य में संन्यास लिया। संन्यास की विशेष प्रक्रिया के साथ ही उन्हें बाबा धुणीवाला आश्रम का संचालन सौंपा, जिससे ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में हर्ष का माहौल रहा। धार्मिक रीति-रिवाजों और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हुए संन्यास समारोह में बड़ी संख्या में संत, महात्मा और श्रद्धालु एकत्रित हुए। इस अवसर पर देशभर से पहुंचे संतों में दशरथ गिरी, कैलाश गिरी, कामाख्या गिरी, शिव गिरी, दक्ष गिरी, आचार्य बसंत शास्त्री जैसे अनेक गणमान्य संतों ने महावीर गिरी को आशीर्वाद प्रदान किया और उनके नए आध्यात्मिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। समारोह में ग्रामीणों और स्थानीय गणमान्य लोगों की भी भारी भागीदारी रही। कार्यक्रम में लेसू सेन, महाशय बिजेंद्र जोगी, रामस्वरूप नाथ, भोलानाथ, पूर्व सरपंच नरेश तंवर, अनिल, अनिल तंवर, रमेश मास्टरजी, हरवंश व ललित आदि मौजूद रहे। श्रीमहंत डॉक्टर अशोक गिरी ने कहा कि महावीर गिरी सच्चे साधक हैं।



### श्राद्ध की अमावस्या पर गोवंश को हलवा-पूरी और रोटी आदि न खिलाएं : डीसी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे श्राद्ध के दौरान व 21 सितंबर को अमावस्या पर गौवंश को रोटी, हलवा-पूरी आदि ना खिलाएं। अत्यधिक हलवा-पूरी और रोटी आदि खिलाने से गौवंश की पाचन क्रिया खराब हो जाती है। जिससे उनकी असमय मौत हो जाती है। इससे इंसान पुण्य की बजाय पाप का भागीदार बन जाता है। श्राद्धों पर गौवंश को हलवा-पूरी और रोटी आदि की जगह गौशाला में जाकर हरा चारा खिलाएं। प्रशासन द्वारा श्राद्ध की अमावस्या पर गौवंश को हलवा-पूरी और रोटी आदि खिलाने पर प्रतिबंध भी लगाया हुआ है। उल्लेखनीय है कि गत दिनों सांसद धर्मबीर सिंह ने भी पत्र के माध्यम से डीसी को अवगत करवाया कि श्राद्ध के दौरान व श्राद्ध-अमावस्या पर आमजन के द्वारा धार्मिक रीति-रिवाज, भावनाओं के कारण गौवंश को हलवा-पूरी खिलाई जाती है, जो कि गौवंश का मौत का कारण बन जाती है। इसी के चलते डीसी ने श्राद्धों पर गौवंश को हलवा-पूरी और रोटी खिलाने पर प्रतिबंध लगाया था।

■ अत्यधिक हलवा-पूरी और रोटी आदि खिलाने से होती है गोवंश की मौत

**समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को प्रोत्साहित करते सम्मान समारोह : विरेंद्र**

# विभिन्न वर्गों से जुड़े प्रबुद्ध नागरिकों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश भर में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय में प्रबुद्ध नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस समारोह का मुख्य उद्देश्य उन नागरिकों को सम्मानित करना था जिन्होंने शिक्षा, खेल, कला, रक्तदान और पौधरोपण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपने उत्कृष्ट योगदान से समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बने हैं। सम्मान समारोह में समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े प्रबुद्ध नागरिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने की। उन्होंने सेवा पखवाड़ा के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री मोदी के सेवा ही धर्म है के सिद्धांत को दर्शाता है। कौशिक ने कहा कि इस प्रकार के सम्मान समारोह समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को प्रोत्साहित करते हैं और साथ ही अन्य लोगों को भी इस दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। कौशिक ने कहा कि यह सम्मान समारोह केवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह उन व्यक्तियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक तरीका है जो बिना किसी स्वार्थ के समाज की सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे नागरिक समाज के सच्चे नायक हैं और हमें उनके कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाईस चेयरमैन विजेंद्र बडग़ुज्जर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संदीप श्योराण, मीना परमार, जिला महामंत्री रमेश पचेरवाल, रेखा राघव, जिला उपाध्यक्ष राजेश जांगड़ा, प्रदीप प्रजापति, अधिवक्ता राजेश जांगड़ा, विनोद चावला, सोनिया अत्री, विशाल जीत सिंह, शकुंतला प्रधान, महेंद्र यादव, अधिवक्ता अविनाश सरदाना, सुनील डावर आदि मौजूद रहे।



भिवानी। पदक विजेता को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### कार्यक्रम में इन्हें सम्मानित किया

कार्यक्रम के दौरान वर्ल्ड बॉक्सिंग चैपियनशिप की पदक विजेता नुपुर श्योराण, जैस्मिन लंबोरिया, मा. मुशीराम, मीना जांगड़ा, पूनम चौहान, शतकवीर रक्तदाता राजेश डडेजा, मनीष वर्मा, शिक्षाविद मामनचंद शर्मा, शीशराम यादव, कलाकार इंद्र लांबा, मनफूल जोगी, साहित्यकार जगबीर सिंह, मामनचंद अग्रवाल, शिक्षाविद रमेश बूरा को सम्मानित किया गया।

## तेजी से की जाए सड़कों की मरम्मत निर्माण सामग्री पर दें विशेष ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

उपायुक्त डॉ. मुनीष नागपाल ने कहा है कि सड़कों के सुधारीकरण के प्रति मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं संजीदा है और लगातार समीक्षा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार जिला में सड़कों की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। ऐसे में सभी एजेंसियां सुनिश्चित करें कि इस कार्य को तेजी से किया जाए और साथ ही निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिला की सडक़ों की मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता पर लेकर शीघ्रता से पूरा किया जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन मार्गों पर गड्ढे, टूट-फूट या अन्य समस्याएं हैं, उनका तुरंत सर्वे कर मरम्मत कार्य किया जाए। बरसात के बाद कई स्थानों पर सड़के खराब हो गई हैं, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए।





ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं, एक शरीर के बाकी हिस्सों में रक्त पंप करता है, जबकि अन्य दो हृदय गलफड़ों में रक्त पहुंचाते हैं।



फ्लेमिंगो का गुलाबी रंग उनके भोजन में पाए जाने वाले कैरोटीनॉइड नामक रसायन के कारण होता है।



# गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी में मिलती हैं कई सुविधाएं




नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

गर्भवती महिला तथा उनके बच्चों को भोजन की किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। आंगनबाड़ी केंद्र को 2 अक्टूबर 1975 को पूरे भारत में शुरू किया गया था। इसका मुख्य लक्ष्य बच्चों, गर्भवती महिला तथा दूध पिलाने वाली माताओं की स्वास्थ्य पोषण और विकास की आवश्यकताओं की पूर्ति करना है। गर्भधारण के दौरान महिलाएं अपना तथा अपने बच्चों का पूर्ण ध्यान रखें, उनमें कितना वजन होना चाहिए उन्हें क्या खाना चाहिए, तथा जन्म के बाद बच्चे की पूरी देखरेख जैसे उसमें कितना वजन है, बच्चों को कोई बीमारी तो नहीं है इत्यादि जांचना आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का काम होता है।

## नवजातों को सुविधा

आंगनबाड़ी माता एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं विकास संबंधित सहायता करती है। आंगनबाड़ी के जरिए नवजात शिशु तथा गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनबाड़ी में नवजात शिशु और 6 साल से कम आयु के बच्चों की देखरेख की जाती है। आंगनबाड़ी की ओर से 3 से 6 वर्ष तक बच्चों को शिक्षा दी जाती है। आंगनबाड़ी केंद्र में 6 वर्ष तक आयु को बच्चों को पोषण आहार दिया जाता है। आंगनबाड़ी के कर्यकर्ता बच्चों के खान-पान पर विशेष ध्यान देते है। यदि कोई बच्चा कुपोषित है तो उन्हें तुरंत अस्पताल भेजना तथा स्वास्थ्य सुविधा आंगनबाड़ी की तरफ से प्रदान की जाती है। अगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की तरफ से पूरी कोशिश की जाती है कि नवजात बच्चों को कोई भी बीमारी नहीं हो तथा वह कुपोषित नहीं हो और उनका स्वास्थ्य ठीक रहे।

### महिलाओं को सुविधा

अगर इस बारे में बात करें कि आंगनबाड़ी केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को क्या-क्या सुविधा दी जाती है तो आपको बता दें कि केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं को पूरी तरह मार्गदर्शन देती है कि उन्हें अपना ध्यान किस प्रकार रखना है, उन्हें क्या खाना है जो उनके तथा उनके बच्चे दोनों के लिए अच्छा हो। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं को सलाह देती है कि उन्हें क्या करना चाहिए जिससे उनके बच्चे का विकास पूर्ण रूप से हो।

## देनी होती है जानकारी

गर्भवती महिलाओं को गर्भधारण के दूसरे महीने में आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर अपना जानकारी देनी होती है। जिसके बाद आंगनवाड़ी केंद्र आपकी पूरी डीटेल्स को आंगनवाड़ी कार्यालय भेज देता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की तरफ से आपको यह जानकारी दी जाती है कि आपकी डिलिवरी कब होगी और आपका कौन-कौन सा इंजेक्शन की जरूरत है।

### 1500 दी जाती है प्रोत्साहन राशि

डिलीवरी होने के बाद आपको राशन भी दिया जाता है एवं प्रधानमंत्री योजना के तहत आपको 1500 रु प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। यह प्रोत्साहन राशि इसलिए दी जाती है ताकि आप अपने खान-पान का पूरा ध्यान रख सके और अपने बच्चों का विकास सुनिश्चित कर सकें।

### इस प्रकार ले सकते हैं सुविधा का लाभ

गर्भवती महिलाओं को यह सारी सुविधा लेने के लिए सबसे पहले आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आपको आगनबाड़ी केंद्र में जाना होता है व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सभी जानकारी देनी होती है। प्रेगनेंसी की जानकारी जब आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंच जाती है तो आपको सभी सुविधाओं का लाभ दिया जाता है।
योजना के लिए जरूरी दस्तावेज, आधार कार्ड, वोटर आईडी बैंक, खाता का पासबुक, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, इत्यादि।

## करना होता है रजिस्ट्रेशन

- इस योजना में आवेदन करने के लिए सबसे पहले आवेदक को बताये गए सभी दस्तावेजों को अपने पास रखना होता है। आवेदक महिला के पास यह सभी दस्तावेज उपलब्ध होने चाहिए।
- इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र से आपको एक फॉर्म लेना होता है और पूछी गई जानकारी को सावधानीपूर्वक दर्ज करना होता है।
- अब आपको आवेदन फार्म के साथ सभी मांगे गए दस्तावेज लगाने होते हैं।
- इसके बाद आपको अपना एप्लीकेशन फॉर्म आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर जमा करवाना होता है।
- इस प्रकार आपका रजिस्ट्रेशन पूरा हो जाता है।
- आपकी डिलीवरी होने के बाद हर महीने आपको 1500 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

## अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग सुविधा

विभिन्न राज्यों की सरकारों की तरफ से गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र की ओर से कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है जैसे उत्तर प्रदेश राज्य की तरफ से एक कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कई तरह का लाभ दिया जाता है। राज्य के अनुपूरक पोषाहारकार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाने और अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाता है। भोजन में हर दिन 600 कैलोरी ऊर्जा और 20-25 ग्राम प्रोटीन शामिल होता है। इसमें गेहूं के आटे की बर्फी, मूंग दाल की खिचड़ी और बेसन जैसी चीजें शामिल होती हैं। हरियाणा में आंगनबाड़ी केंद्रों में गेहूं, चावल, सरसों का तेल, दूध की पैकेट इत्यादि कई तरह का राशन उपलब्ध करवाया जाता है। इन सब के पीछे सरकार का एक ही उद्देश्य है कि नवजात शिशु तथा उसकी माता दोनों स्वस्थ रहें तथा दोनों का सर्वांगीण विकास हो पाए।

### कुपोषण को हराने के लिए बनाए गए आंगनबाड़ी केंद्र

आगनबाडी वह केंद्र है जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र को वेतनभागी आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वारा संचालित किया जाता है और आंगनबाड़ी सहायिका उसकी मदद के लिए होती है। भारत में बढ़ती हुई बच्चों की जनसंख्या तथा कुपोषण के लक्षणों को देखते हुए भारत सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों को एक विशेष पहचान प्रदान की है। इन केंद्रों पर समाज के गरीब वर्ग के बच्चों को काफी सहायता दी जाती है तथा इन केन्द्रों से गर्भवती महिला और उनको बच्चों को भी कई तरह की सुविधा दी जाती है।

---

सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर विकास व कंप्यूटर अनुप्रयोगों की देता समझ

# बीसीए के बाद करियर विकल्प : कॉर्पोरेट व सरकारी जगत में नौकरी के सुनहरे मौके

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बी.सी.ए.) एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर विकास और कंप्यूटर अनुप्रयोगों की गहन समझ प्रदान करता है। इसमें प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, डाटा स्ट्रक्चर, ऑपरेटिंग सिस्टम, नेटवर्किंग, डाटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम और वेब टेक्नोलॉजी जैसे विषय शामिल होते हैं। नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी. 2020) के अनुसार अब विद्यार्थी बी.सी.ए. को तीन वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या चार वर्षों में बी.सी.ए. ऑनर्स के रूप में भी पूरा कर सकते हैं। बी.सी.ए. (ऑनर्स) कार्यक्रम में विद्यार्थियों को किसी विशेष क्षेत्र जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्लाउड कम्प्यूटिंग, डाटा साइंस या साइबर सुरक्षा में विशेषज्ञता हासिल करने का अवसर मिलता है, जिससे वे अत्यधिक प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों में सशक्त करियर बना सकते हैं। बी.सी.ए. और बी.सी.ए. (ऑनर्स) के अंतर्गत विभिन्न विशेषज्ञताएँ उपलब्ध हैं।

**प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, डाटा स्ट्रक्चर, ऑपरेटिंग सिस्टम, नेटवर्किंग की मिलती है जानकारी**

**डाटाबेस की मैनेजमेंट सिस्टम और वेब टेक्नोलॉजी की मिलती है शिक्षा**

### प्रमुख स्पेशलाइजेशन

- कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस)
- डाटा साइंस और बिग डाटा एनालिटिक्स
- साइबर सुरक्षा और नेटवर्क सुरक्षा
- क्लाउड कम्प्यूटिंग
- वेब एवं मोबाइल एप्लीकेशन विकास
- सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग
- मशीन लर्निंग एवं डीप लर्निंग
- इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी)

## बीसीए एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम



### खुलते हैं भविष्य के द्वार

*बीसीए छात्रों के लिए करियर की राहें केवल कंप्यूटर अनुप्रयोगों तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में उनके लिए सुनहरे भविष्य के द्वार खोलती हैं। सही कौशल और उच्च शिक्षा के साथ वे देश और विदेश, दोनों जगह उत्कृष्ट अवसर प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह जरूर लें। अधिक जानकारी के लिए **www. careerjaano. com** पर भी विजिट कर सकते हैं।*

### आवश्यक कौशल

**बी.सी.ए. स्नातकों के लिए केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उद्योग में सफल होने हेतु विशेष कौशल आवश्यक हैं। निम्नलिखित प्रमुख कौशल इस प्रकार हैं।**

- प्रोग्रामिंग लैंग्वेज (जावा, पायथन, सी++, जावास्क्रिप्ट) में दक्षता
- समस्या समाधान और तार्किक सोच
- डाटा विश्लेषण और गणितीय क्षमता
- वेब एवं मोबाइल एप्लीकेशन विकास की समझ
- टीमवर्क और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट स्किल्स
- नई तकनीकों को शीघ्र सीखने और अपनाने की क्षमता

### उच्च शिक्षा और आगे के अवसर

**बी.सी.ए. स्नातक यदि अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाना चाहें तो उनके लिए कई मार्ग खुले हैं।**

**1. उच्च शिक्षा कार्यक्रम**

- मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एम.सी.ए.)
- मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) – आई.टी. एवं मैनेजमेंट
- एम.एससी. (कंप्यूटर साइंस/डाटा साइंस/ए.आई.)
- पी.जी. डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड कम्प्यूटिंग या मशीन लर्निंग

**2. विशेष सर्टिफिकेशन कोर्स (प्रमुख कंपनियों द्वारा)**

- **माइक्रोसॉफ्ट:** माइक्रोसॉफ्ट अजूर फंडामेंटल्स
- **गूगल:** गूगल क्लाउड प्रोफेशनल सर्टिफिकेशन
- **अमेज़न:** एडब्ल्यूएस सर्टिफाइड सॉल्यूशंस आर्किटेक्ट
- **आईबीएम:** आईबीएम डाटा साइंस सर्टिफिकेट
- **ओरेकल:** ओरेकल सर्टिफाइड जावा प्रोग्रामर
- **सिस्को:** सिस्को सर्टिफाइड नेटवर्क प्रोफेशनल

*ये सर्टिफिकेशन न केवल विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री-रेडी बनाते हैं और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च वेतन वाली नौकरियों के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाते हैं।*



**बीसीए को 3 वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या 4 वर्षों में बीसीए ऑनर्स भी कर सकते हैं**

### निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

डिजिटल अर्थव्यवस्था और औद्योगिक विकास के दौर में बी.सी.ए. स्नातकों के लिए निजी क्षेत्र में विभिन्न उद्योगों में अवसर उपलब्ध हैं। निम्नलिखित प्रमुख उद्योग और उनके अंतर्गत पदनाम इस प्रकार हैं।

- सूचना प्रौद्योगिकी
  सॉफ्टवेयर डेवलपर
  वेब डेवलपर
  मोबाइल एप डेवलपर
  डाटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर
  क्लाउड इंजीनियर
- बैंकिंग और वित्तीय सेवाएँ
  आई.टी. ऑफिसर
  डाटा एनालिस्ट
  टेक्निकल सपोर्ट इंजीनियर
  बिजनेस एनालिस्ट
- ई-कॉमर्स एवं डिजिटल मार्केटिंग
  ई-कॉमर्स ऑपरेशन मैनेजर
  डिजिटल मार्केटिंग टेक्नोलॉजिस्ट
  वेबसाइट मैनेजर
  एसईओ/एसईएम विशेषज्ञ
- शिक्षा और प्रशिक्षण
  कंप्यूटर शिक्षक (स्कूल/कॉलेज)
  ऑनलाइन ट्यूटर
  आईटी ट्रेनर
  एड-टेक कंटेंट डेवलपर
- कंसल्टिंग और स्टार्टअप्स आईटी
  कंसल्टेंट
  प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर
  टेक्निकल सपोर्ट स्पेशलिस्ट
  प्रोडक्ट डेवलपमेंट मैनेजर

**यह इनकम संभव**

- बी.सी.ए. स्नातकों की निजी क्षेत्र में प्रारंभिक आय लगभग 3 से 5 लाख वार्षिक होती है, जबकि अनुभव और विशेषज्ञता के साथ यह आय 10 से 20 लाख रुपये वार्षिक तक पहुंच सकती है।

### सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

सरकारी क्षेत्र में भी बी.सी.ए. स्नातकों के लिए सम्मानजनक अवसर उपलब्ध हैं। यहाँ वे विभिन्न विभागों और संगठनों में तकनीकी एवं प्रशासनिक भूमिकाएँ निभा सकते हैं। निम्नलिखित प्रमुख उद्योग और उनके अंतर्गत पदनाम इस प्रकार हैं।

- प्रशासनिक सेवाएं
  भारतीय प्रशासनिक सेवा
  भारतीय पुलिस सेवा
  राज्य लोक सेवा आयोग के पद
- बैंकिंग क्षेत्र
  प्रोबेशनरी ऑफिसर
  आईटी ऑफिसर
  क्लर्कियल पद
- रक्षा एवं अनुसंधान संगठन
  डी.आर.डी.ओ. में वैज्ञानिक/तकनीकी पद
  इसरो में अनुसंधान पद
  राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र में आईटी पद
- शिक्षा और विश्वविद्यालय
  सरकारी कॉलेजों/विश्वविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर
  कंप्यूटर प्रशिक्षक
  अनुसंधान सहायक
- रक्षा सेवाएं
  लेफ्टिनेंट
  आर्मी एजुकेशन कोर अफसर
  अकाउंट अफसर
  एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर
  लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर
  टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**इनकम यह संभव**

- सरकारी क्षेत्र में बी.सी.ए. स्नातक की प्रारंभिक आय लगभग 4 से 6 लाख रुपये वार्षिक होती है, जबकि उच्च पदों और अनुभव के साथ यह आय 12 से 15 लाख रुपये वार्षिक तक पहुंच सकती है।

---

# मतदान की शक्ति : सावधानी और जिम्मेदारी से चुनें भारत का भविष्य



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

आज का समय बदलाव का समय है, और आप भारत के युवा और भविष्य के कर्णधार इस बदलाव की धुरी हैं। 2025 में, जब भारत एक बार फिर अपने लोकतांत्रिक उत्सव, यानी चुनावों की ओर बढ़ रहा है, आपके पास वह शक्ति है जो देश की दिशा और दशा को बदल सकती है। सावधानी से मतदान करना केवल आपका अधिकार नहीं, बल्कि एक ऐसी जिम्मेदारी है जो आपके सपनों के भारत को साकार कर सकती है। आइए, इस प्रेरणादायक यात्रा में शामिल हों और समझें कि आपका एक वोट कैसे शांतिपूर्ण क्रांति ला सकता है। भारत का लोकतंत्र दुनिया का सबसे जीवंत और शक्तिशाली लोकतंत्र है। यहाँ हर वोट एक कहानी लिखता है, जो देश के भविष्य को आकार देता है।

## छोटे से निशान से इतिहास रच सकते हैं

आप में से कई छात्र पहली बार मतदान करने जा रहे हैं, और यह एक ऐसा मौका है जहाँ आप एक छोटे से निशान से इतिहास रच सकते हैं। लेकिन यह निशान सावधानी और जागरूकता के साथ लगाना होगा। बिना सोचे-समझे किया गया मतदान आपके सपनों को अधूरा छोड़ सकता है, जबकि सही जानकारी और जिम्मेदारी के साथ दिया गया वोट एक समृद्ध, समावेशी और प्रगतिशील भारत का निर्माण कर सकता है। आपके वोट में वह ताकत है जो शिक्षा, रोजगार, पर्यावरण और सामाजिक समानता जैसे मुद्दों पर सकारात्मक बदलाव ला सकती है। यह वोट केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि आपके विश्वास और सपनों का प्रतीक है। यह वह हथियार है जिसने भारत को स्वतंत्रता दिलाई और आज भी इसे मजबूत बनाए रखता है। 2025 में, भारत के सामने कई अहम मुद्दे हैं बेरोजगारी, शिक्षा में सुधार, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक न्याय। इन मुद्दों को हल करने के लिए हमें सही नेताओं और नीतियों को चुनना होगा। लेकिन सही चुनाव के लिए जागरूकता जरूरी है। सावधानी से मतदान का मतलब है। उम्मीदवारों के पिछले कार्यों, उनके वादों और उनकी विश्वसनीयता की जाँच करें। क्या वे आपके क्षेत्र की समस्याओं को समझते हैं? क्या उनकी योजनाएँ लंबे समय तक टिकाऊ हैं? वोट देते समय भावनाओं या प्रचार में न बहें। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यावरण जैसे मुद्दों पर उम्मीदवारों की नीतियों को समझें। आज के डिजिटल युग में, सोशल मीडिया जागरूकता फैलाने का सबसे शक्तिशाली माध्यम है। लेकिन अफवाहों और गलत सूचनाओं से बचें। सही जानकारी साझा करें और दूसरों को मतदान के लिए प्रेरित करें। अपने दोस्तों, परिवार और समुदाय को मतदान के महत्व के बारे में बताएं। एक जागरूक मतदाता समूह पूरे देश को बदल सकता है। भारत का इतिहास युवा शक्ति की गौरवगाथा से भरा पड़ा है। स्वतंत्रता संग्राम में भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और लाखों युवा छात्रों ने अहिंसक और संगठित तरीके से देश को आजादी दिलाई। आज भी, 2020 के दशक में भारतीय युवा अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। चाहे वह किसान आंदोलन हो, जहाँ युवाओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के जरिए नीतिगत बदलाव लाए, या फ्राइडेजफॉरफ्यूचर अभियान, जिसमें छात्रों ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ जागरूकता फैलाई भारतीय युवा हर बार साबित करते हैं कि वे बदलाव के असली नायक हैं।

## डिजिटल युग में आप अधिक शक्तिशाली

आज, डिजिटल युग में, आप और भी शक्तिशाली हैं। **#MeToo**, **#SaveTheChildren** जैसे अभियानों ने दिखाया कि भारतीय युवा सोशल मीडिया के जरिए लाखों लोगों को जोड़ सकते हैं और सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। 2025 में, आपके पास मतदान के जरिए इस विरासत को और मजबूत करने का अवसर है। कल्पना करें, एक ऐसा भारत जहाँ हर बच्चे को बेहतर शिक्षा, हर युवा को रोजगार और हर नागरिक को सम्मान मिले। आपका वोट इस सपने को हकीकत में बदल सकता है।

**शांतिपूर्ण क्रांति का रास्ता:** आपका वोट भारत का लोकतंत्र हमें सिखाता है कि सच्चा बदलाव शांति और एकजुटता से आता है। महात्मा गांधी ने अहिंसा के जरिए दुनिया को दिखाया कि सही मकसद और संगठित प्रयास से कोई भी सत्ता झुक सकती है। आपका वोट उसी अहिंसक क्रांति का हिस्सा है। यह एक ऐसा हथियार है जो बिना किसी नुकसान के समाज को बेहतर बना सकता है। हर वोट एक कहानी है, और यह आप पर निर्भर है कि वह कहानी प्रगति, समानता और आशा की हो।

**उठें, जागें और वोट करें :** छात्र मित्रों, यह समय है अपने भविष्य को अपने हाथों में लेने का। 2025 का साल आपके लिए एक सुनहरा अवसर है एक ऐसा मौका, जहाँ आप सावधानी और जिम्मेदारी से मतदान कर अपने सपनों के भारत को साकार कर सकते हैं। अपने स्कूल, कॉलेज और मोहल्ले में जागरूकता फैलाएँ। अपने दोस्तों को बताएँ कि उनका वोट कितना कीमती है। सोशल मीडिया पर सकारात्मक अभियान चलाएँ, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान के लिए प्रेरित हों।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हड़प्पा सभ्यता का सर्वाधिक मान्यता प्राप्त काल है।
(ए) 2800 ई. पू.-2000 ई. पू.
(बी) 2500 ई. पू. -1750 ई. पू.
(सी) 3500 ई. पू. -1800 ई. पू.
(डी) निश्चित नहीं हो सका है

**2.** सिंधु घाटी की सभ्यता निम्नलिखित में से किस सभ्यता के समकालीन नहीं थी ?
(ए) मिस्र की सभ्यता
(बी) मेसोपोटामिया की सभ्यता
(सी) चीन की सभ्यता
(डी) ग्रीक की सभ्यता

**3.** सिंधु घाटी की सभ्यता कहाँ तक विस्तृत थी?
(ए) पंजाब, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर
(बी) राजस्थान, बिहार, बंगाल, उड़ीसा
(सी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उड़ीसा और बंगाल
(डी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, सिंध और बलुचिस्तान

**4.** सिंधु घाटी की सभ्यता में घोड़े के अवशेष कहां मिले हैं ?
(ए) सुरकोटदा (बी) वणावली
(सी) लोथल (डी) कालीबंगा

**5.** सिंधु घाटी स्थल कालीबंगन किस प्रदेश में है ?
(ए) राजस्थान में (बी) गुजरात में
(सी) मध्य प्रदेश (डी) उत्तर प्रदेश

**6.** निम्नलिखित में से किस पदार्थ का उपयोग हड़प्पा काल की मुद्राओं के निर्माण में मुख्य रूप से किया गया था ?
(ए) सेलखड़ी (बी) कांसा
(सी) तांबा (डी) लोहा

**7.** हड़प्पा सभ्यता किस युग की थी ?
(ए) कांस्य युग (बी) नवपाषाण युग
(सी) पुरापाषाण युग (डी) लौह युग

**8.** सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों का मुख्य व्यवसाय क्या था ?
(ए) व्यापार ( बी) पशुपालन
(सी) शिकार (डी) कृषि

**9.** हड़प्पा सभ्यता के निवासी थे
(ए) ग्रामीण
(बी) शहरी
(सी) यायावर / खानाबदोश
(डी) जनजातीय

उत्तर 1.(बी) 2.(डी) 3.(डी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(ए) 7.(ए) 8. (ए) 9. (बी)

## खबर संक्षेप


भिवानी। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी।

### महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

**भिवानी।** महाराजा नीमपाल सिंह राजकीय महाविद्यालय शुकवार को उच्चतर शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार विशेष पर्यावरण जागरूकता दैनिक बाजार अभियान के तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डा. मनजीत सिंह ने की। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देना चाहते हैं, तो हमें आज से ही पर्यावरण बचाने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे।

### भिवानी को खेल राजधानी बनाए सरकारः अजय

**भिवानी।** कांग्रेस नेता एडवोकेट अजय हालुवासिया ने खेल मंत्री से हरियाणा के मिनी क्यूबा कहे जाने वाले भिवानी को देश की खेल राजधानी बनाने की मांग की है। उन्होंने हाल ही में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा अहमदाबाद को खेल राजधानी घोषित करने के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दी। उन्होंने कहा कि देश को भिवानी के खिलाड़ियों ने सबसे ज्यादा मेडल दिलवाए है।

### लीगल लिटरेसी क्लब ने स्वच्छता अभियान चलाया

**बवानीखेड़ा।** आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर में लीगल लिट्रेसी क्लब के तत्वावधान में छात्रों द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने ग्राम पंचायतघर और मुख्य गली नंबर 1 की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। विद्यालय के निदेशक साहिल यादव, प्राचार्य नितीश मिश्र तथा क्लब प्रमुख देवदत्त के मार्गदर्शन में बच्चों ने न केवल सफाई कार्य में भाग लिया।

### मायाकौर शर्मा के निधन पर शोक जताया

**बाढड़ा।** पात्र अध्यापक संघ के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष और सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र शर्मा कारी की माता मायकौर का शनिवार को ब्रेन हैमरेज होने के कारण आकस्मिक स्वर्गवास हो गया। कारी निवासी मायकौर 84 वर्ष की बहुत ही धार्मिक विचारों की औरत थी। वो अपना भरा पूरा परिवार छोड़ के प्रभु चरणों में विलीन हो गई। उनके निधन पर भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष और सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र शर्मा कारी की माता के स्वर्गवास पर उनके आवास कारी आदु पहुंचकर शोक व्यक्त करने और श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सुरेंद्र यादव जजपा बीसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने

**बाढड़ा।** जननायक जनता पार्टी ने अपनी बीसी सैल की कार्यकारिणी घोषित की है। जिसमें दादरी जिले का बीसी सैल का अध्यक्ष सुरेंद्र यादव को घोषित किया है। जजपा जिला प्रैस प्रवक्ता राजेंद्र हूई ने बताया कि सुरेन्द्र यादव पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। सुरेन्द्र यादव जजपा के हल्का अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

# मनुष्यों के साथ-साथ पशु-पक्षियों की सेवा भी थी महाराजा अग्रसेन की सोच व नीति : सीमा बंसल

- महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के तहत श्रीअग्रवाल महिला मंडल ट्रस्ट रजि. ने गोवंश के लिए लगाई सवामणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में श्रीअग्रवाल महिला मंडल ट्रस्ट रजि. द्वारा आयोजित 8 दिवसीय सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में हालुवास गेट स्थित नंदीशाला में गौवंश के लिए गुड़ व दलिया की सवामणी लगाई। कार्यक्रम का आयोजन मंडल की प्रधान कांता बंसल के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाराजा अग्रसेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान चेयरपर्सन सीमा बंसल व प्रधान कांता बंसल ने हिन्दू धर्म में गौ पूजा का खास महत्व बताया जाता है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति, गाय माता की सेवा और सब प्रकार से उनका अनुगमन करता है, उसे अत्यंत सुखदायी फल मिलता है। उन्होंने कहा कि गाय की पूजा भगवान की पूजा के बराबर मानी जाती है। उन्होंने कहा कि ना केवल मनुष्य, बल्कि जानवरों की सेवा करना भी महाराजा अग्रसेन की सोच व नीति में शामिल था, इसके लिए वे समय-समय पर सहायता के हाथ बढ़ाते थे। महाराजा अग्रसेन के पदचिंहों पर चलते हुए समाज के लोगों ने नंदीशाला में हरा चारा एवं दलिया की सवामीण लगाई है। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन जरूरतमंदों के सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहते थे। उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के विभिन्न सामाजिक कार्य किए जा रहे है। इस दौरान उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे श्राद्ध की अमावस्या पर गाय को अर्धपका भोजन खिलाने की बजाए, हरा चारा दे, ताकि गौहत्या के पाप से बचा जा सकें। इस दौरान श्रीअग्रवाल महिला मंडल ट्रस्ट रजि. की चेयरपर्सन सीमा बंसल ने भी अपना जन्मदिन गौवंश की सेवा कर इस दौरान सीमा बंसल ने गुड का केक काटकर व नंदियो को गुड खिलाकर अपना जन्मदिन मनाया तथा कहा कि जो अपने जन्मदिन या अन्य अवसरों पर फिजूल खर्ची करने की बजाए हमें गौवंश की सेवा करनी चाहिए, ताकि अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिल सकें। इस अवसर पर स्नेहा बंसल, सुमन बंसल, श्वेता गर्ग, ममता गुप्ता, रिंकी गुप्ता, उर्मिला बंसल, किरण बंसल, मनीषा गोयल, मनीषा बंसल, कांता बंसल, रेखा अग्रवाल, संजय बंसल, अल्का शंघाई, मोनिका बंसल, शारदा बंसल सहित अन्य महिलाएं मौजूद रही।


भिवानी। महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

युवा सुरेंद्र कुंगड़ व उनकी टीम ने श्मशान घाट में लगाए पौधे

पेड़-पौधे हमारे जीवन का अभिन्न अंग : सरपंच

# स्वर्गीय छाजूराम की स्मृति में कुंगड़ में लगाए 60 पौधे

## पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के साथ युवाओं को भी जागरूक किया

- किसी की स्मृति में पौधरोपण से बढ़कर कोई दूसरा सराहनीय कार्य नहीं हो सकता : सुरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरणादायक कदम उठाते हुए गांव कुंगड़ के युवा सुरेंद्र कुंगड़ व उनकी टीम ने सरपंच रोहित के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत के सहयोग से अनूठी पहल की है। उन्होंने गांव की श्मशान भूमि पर 60 पौधे लगाकर स्वर्गीय छाजूराम गोयत डीपीई की स्मृति को चिरस्थायी बनाने का प्रयास किया है। ये कार्य न केवल एक व्यक्ति को श्रद्धांजलि है, बल्कि युवा पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का सशक्त संदेश भी है। इस पहल का नेतृत्व कर रहे सुरेंद्र कुंगड़ ने बताया कि किसी की स्मृति में पौधरोपण से बढ़कर कोई दूसरा सराहनीय कार्य नहीं हो सकता। सुरेंद्र ने कहा कि स्वर्गीय छाजूराम गोयत ने अपने जीवन में समाज के लिए कई अच्छे कार्य किए, अब इन पौधों के रूप में हमेशा हमारे बीच रहेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल पर्यावरण के लिए वरदान है, बल्कि समाज में एक-दूसरे के प्रति सम्मान और प्रेम की भावना को भी दर्शाता है। सरपंच रोहित ने कहा कि जब हम किसी प्रियजन की याद में पौधे लगाते हैं, तो हम न केवल उनकी यादों को हमेशा जीवित रखते हैं, बल्कि हम आने वाली पीढ़ियों को भी पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में सीख देते हैं। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं और हमें इनके संरक्षण के लिए हरसंभव प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर अशोक, साहिल, मोनू, संदीप, मुकेश, प्रेम, महिपाल. जयबीर, अजीत, साहिल किराड़ आदि मौजूद रहे।



भिवानी। पौधरोपण करते सुरेंद्र कुंगड़ की टीम के सदस्य तथा कपूरी पहाड़ी का भ्रमण करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### कपूरी पहाड़ी पर 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों का शैक्षिक भ्रमण

**भिवानी।** पीएच शिक्षण संस्थान चरखी दादरी में अध्ययन करने वाले बच्चों ने भूगोल एवं पीटीआई के मार्गदर्शन में कपूरी पहाड़ी का शैक्षिक भ्रमण किया। बच्चों ने वहां स्थित पौधशाला (नर्सरी) का अवलोकन किया और विभिन्न प्रकार के पौधों की जानकारी प्राप्त की। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को वृक्षों के संरक्षण, पर्यावरण संतुलन तथा पौधों की महत्ता के विषय में उपयोगी जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओपी तिवारी ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया और पौधरोपण को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। कपूरी पहाड़ी की चोटी पर स्थित प्राचीन मंदिर के प्रति बच्चों के बीच खासा उत्साह रहा। विद्यार्थियों ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर उसकी ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्ता को जाना। यात्रा से बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता के साथ-साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर के प्रति भी सम्मान की भावना जागृत हुई।

### पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने की सफाई


भिवानी। पुलिस चौकी में स्वच्छता अभियान चलाते पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**भिवानी।** स्वच्छता के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने शुक्रवार को सैक्टर-13 स्थित पुलिस चौकी में विशेष सफाई अभियान चलाया। ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल के नेतृत्व में चलाए अभियान में पुलिस चौकी के परिसर और आसपास के क्षेत्र की गहन सफाई की। कार्यक्रम में चौकी इंचार्ज सहित अन्य पुलिस कर्मचारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने ट्रस्ट के प्रयास की सराहना की। सभी ने मिलकर झाड़ू लगाई और कचरा इकट्ठा कर उसे उचित तरीके से निस्तारित किया। अभियान के दौरान ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सफाई अभियान न केवल हमारे आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाते हैं, बल्कि ये अन्य लोगों को भी अपने पड़ोस और शहर को साफ रखने के लिए प्रेरित करते है। उन्होंने बताया कि शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता बेहद जरूरी है। एक स्वच्छ वातावरण हमें कई बीमारियों से बचाता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। संभ्रवाल ने इस बात पर जोर दिया कि स्वच्छता केवल एक दिन का काम नहीं है, बल्कि यह हमारी दैनिक आदत का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने घर, मोहल्ले और कार्यस्थल को साफ रखने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इस अवसर पर शतकवीर राजेश डुडेजा, निवास, सचिन, शशी, भगवत कौशिक आदि मौजूद रहे।

### एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान



भिवानी। हुडा पार्क में साफ सफाई करते एनसीसी कैडेट्स। फोटो : हरिभूमि

**भिवानी।** स्वच्छ भारत अभियान 19 सितम्बर से 1 अक्तूबर तक आयोजित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत एमएनएस सरकारी कॉलेज के लगभग 50 एनसीसी कैडेट्स ने हुडा पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया। इस पहल का उद्देश्य स्वच्छता के महत्व को समाज तक पहुंचाना और युवाओं में राष्ट्रहित के प्रति जिम्मेदारी की भावना जगाना रहा। कैडेट्स ने पार्क की पगडंडियों और खुले क्षेत्रों की सफाई कर कचरा एकत्रित किया और उपस्थित लोगों को स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया, ताकि वातावरण स्वच्छ रह सकें। इस अवसर पर कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल थॉमस कुट्टी एनसी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि एनसीसी का योगदान केवल प्रशिक्षण और परेड तक सीमित नहीं है, बल्कि ये समाज एवं राष्ट्र कल्याण की दिशा में अहम भूमिका निभाता है। उनके साथ जेसीओ (जूनियर कमीशंड ऑफिसर्स) और एनसीओ (नॉन-कमीशंड ऑफिसर्स) भी मौजूद रहे, जिन्होंने कैडेट्स का मार्गदर्शन किया और अभियान में सक्रिय रूप से शामिल हुए।कैडेट्स के समन्वय और नेतृत्व में एसयूओ गगन राठी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनजीत सिंह ने कैडेट्स की प्रशंसा करते हुए कहा कि एनसीसी केवल ड्रिल या अनुशासन तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्रहित और समाज कल्याण के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता है। कॉलेज के एएनओ कैप्टन अशोक ने अभियान को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए लगाने होंगे पेड़ः महेश कुमार

- सेवा पखवाड़े के दौरान पर्यटन विभाग ने बया पर्यटन केंद्र परिसर में किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



हरियाणा पर्यटन विभाग द्वारा सेवा पखवाड़े के तहत शहर में हांसी रोड़ स्थित बया पर्यटन केंद्र परिसर में स्कूली बच्चों की प्रतियोगिता और पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महेश कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने परिसर में पौधारोपण किया और आमजन से पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया। एसडीएम ने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़े के दौरान पौधारोपण अभियान भी चलाया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न स्कूली बच्चों के बीच ऑप्रेशन सिंदूर, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण आदि विभिन्न विषयों पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा के रंग भरे। अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बया पर्यटन केंद्र के प्रबंधक नितिन कटारिया और सहायक मैनेजर कुलदीप सिंह सहित समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में सेवा पखवाड़ा के तहत पौधारोपण किया

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में सेवा पखवाड़ा के तहत विश्वविद्यालय एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी ने कहा कि अधिक से अधिक पौधारोपण कर हम सब पर्यावरण संरक्षण के सहभागी बन सकते हैं। यदि प्राकृतिक आपदाओं से बचना है और मानव जीवन को धरा पर सुरक्षित बनाए रखना है तो हमें प्रकृति से खिलवाड़ बंद करना चाहिए। डीएफओ डॉ राजेश वत्स ने कहा कि वन विभाग द्वारा विश्वविद्यालय में दो हजार पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें लगभग 17 सौ पेड़ लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को ग्रीन बनाने के लिए वन विभाग ने गोद लिया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन के सहयोग से वन विभाग विश्वविद्यालय को हरा भरा बनाएगा। कुलसचिव डॉ भावना शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों द्वारा समय समय पर पौधारोपण अभियान चलाया जाता है। आज सेवा पखवाड़ा के तहत विश्वविद्यालय में पौधारोपण अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया है। इस पौधारोपण अभियान में वन विभाग द्वारा सैकड़ों पेड़ लगाए गए तथा तिरंगा यात्रा में सहभागिता करने वाली छात्राओं को लगभग तीन सौ तुलसी के पौधे वितरित किए गए हैं। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो डीके मदान,डीन ऑफ कॉलेज प्रो एसके कौशिक,अभियांत्रिकी एडवाइजर के के शर्मा,साहिल जेई सहित वन विभाग एवं विवि. कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अग्रवाल डायमंड ने अग्रसेन प्लेटिनम को दी शिकस्त

**भिवानी।** महाराजा अग्रसेन के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हुए श्रीअग्रवाल सभा ने 16 दिवसीय महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत खेल गतिविधियों का आयोजन किया।

जी लिट्रा वैली ग्राउंड में रोमांचक क्रिकेट मैच का आयोजन किया, जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके व्यस्त जीवन से परे, स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर विधायक घनश्याम सर्राफ ने श्रीअग्रवाल सभा की पहल की सराहना की। क्रिकेट मैच में अग्रसेन प्लेटिनम और अग्रवाल डायमंड की टीमों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में विधायक सर्राफ ने शिरकत की, जिन्होंने टॉस करवाकर मैच का शुभारंभ किया। टॉस जीतकर अग्रसेन प्लेटिनम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 139 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य अग्रवाल डायमंड के सामने रखा। जवाब में अग्रवाल डायमंड की टीम ने आखिरी गेंद पर इस लक्ष्य को हासिल कर मैच जीत लिया। मैन ऑफ दी मैच 14 वर्षीय मिलन गोयल रहे।


भिवानी। प्रतियोगिता की विजेता टीम।

## वैश्य माडल ने राष्ट्र स्तरीय चलविजयोपहार ट्राफी पर किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लाला कमलापत सिंघानिया शिक्षा संस्थान गोटन (राजस्थान) में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित लेडी अनुसूया सिंघानिया स्मृति वाद-विवाद प्रतियोगिता में वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी वाक प्रतिभा का वर्चस्व मनवाते हुए एवं विद्यालय के इतिहास को दोहराते हुए राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर भिवानी एवं हरियाणा प्रदेश का गौरव बढ़ाया।

गोटन (राजस्थान) में आयोजित यह वाद-विवाद प्रतियोगिता हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों माध्यमों में संपन्न हुई जिसमें दोनों ही भाषाओं में वैश्य मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से सर्वाधिक अंक प्राप्त कर चलविजयोपहार एवं 15000 रुपये नकद पुरस्कार स्वरूप प्राप्त किए। गौरतलब है कि संपूर्ण भारत के सोलह प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभागिता दर्ज करवाई। हरियाणा प्रदेश के भिवानी जिले से वैश्य मॉडल स्कूल ही एकमात्र ऐसा विद्यालय है जो विगत दो दशकों से भी अधिक वर्षों से इस प्रतियोगिता में न केवल अपनी प्रतिभागिता दर्ज करवाता है अपितु प्रतिवर्ष उत्कृष्ट स्थान भी प्राप्त करता है। ध्यातव्य है कि इससे पूर्व भी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली विभिन्न वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में वैश्य मॉडल स्कूल भिवानी के वाक्कुशल विद्यार्थी अपनी प्रतिभा की आभा बिखेरते रहे हैं।


भिवानी। चल विजयोपहार ट्राफी के साथ प्रतिभागी व स्कूल प्रबंधन कमेटी के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

सीबीएलयू के समक्ष अभियान चलाकर करवाए युवाओं के हस्ताक्षर

# स्टॉप वोट चोरी अभियान चला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

- भिवानी में जल्द ही किया जाएगा वोट चोरी मामले का बड़ा खुलासा : गुलिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी मामले के खुलासे के बाद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेशभर में स्टॉप वोट चोरी अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है, ताकि मामले को प्रत्येक जन तक पहुंचाकर भाजपा व चुनाव आयोग के लोकतंत्र विरोधी साजिश का पर्दाफाश किया जा सकें। इसी कड़ी में शुक्रवार को चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के सामने कांग्रेस ने वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान चलाकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कांग्रेस के शहरी जिला प्रधान प्रदीप गुलिया के नेतृत्व में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस ने एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया और युवाओं के हस्ताक्षर करवाए। इस अवसर पर धीरज सिंह, ईश्वर प्रधान, ईश्वर मान, कुलवंत कोंटिया, जिला पार्षद रूपेंद्र ग्रेवाल, विजेंद्र सिवाच, प्रधान युवा कांग्रेस मनदीप सुई, प्रवीण बूरा, शिवकुमार धानक, रोबिन जोगी, तोलाराम, देव सिदार्थ, लक्की, आयुषी, किरण, सपना, सुनीता, आयुष बापोड़ा, निखिल सभ्रवाल, शिव वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।


भिवानी। सीबीएलयू में अभियान के दौरान विद्यार्थियों से हस्ताक्षर करवाते कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया। फोटो : हरिभूमि

### युवाओं ने बड़ी संख्या में फॉर्म भरे

इस मौके पर कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के दौरान वोट चोरी का मुद्दा उठाया था, जिसका असर अब हर जगह दिखने लगा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनाव आयोग के साथ मिलकर वोट चोरी करवाई है, जिससे भाजपा की सरकार बन सकी। गुलिया ने कहा कि ये कदम लोकतंत्र की हत्या के समान है और कांग्रेस आमजन को इस बारे में जागरूक कर रही है। गुलिया ने विशेष रूप से युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें जागना होगा, क्योंकि देश में सरकार वोट चोरी की नहीं, बल्कि जनता द्वारा चुनी हुई होनी चाहिए। उन्होंने युवाओं को वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। हस्ताक्षर अभियान के तहत युवाओं ने बड़ी संख्या में फॉर्म भरे, जो यह दर्शाता है कि यह मुद्दा युवाओं के बीच भी गंभीरता से लिया जा रहा है। गुलिया ने आगे कहा कि भिवानी जिला में भी कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता वोट चोरी के मामलों को उजागर करने में लगे हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि जल्द ही भिवानी में भी वोट चोरी का बड़ा खुलासा किया जाएगा।

### विभागाध्यक्ष स्वयं उपस्थित हों वरना होगी कार्रवाईः डीसी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने जिला के सभी विभागाध्यक्षों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि वे जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले समाधान शिविरों और उनकी समीक्षा बैठक में स्वयं उपस्थित रहें अन्यथा उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए चंडीगढ़ मुख्यालय लिखा जाएगा। समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए समाधान कर उसकी एटीआर स्वयं पोर्टल पर स्पष्ट रूप से अपडेट करें। डीसी श्री गुप्ता शुक्रवार को स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित डीआरडीए सभागार में समाधान शिविरों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर और सीएम विंडो सरकार के मुख्य एजेंडे में शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी स्वयं समाधान शिविरों की समीक्षा करते हैं। सरकार का उद्देश्य नागरिकों की समस्याएं जानना है।


बहल। प्रतिभा खोज कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुती देती एक प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### प्रतिभा खोज में प्रतिभागियों ने दिखाए हुनर

**बहल।** राजकीय महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने सोलो डांस, ग्रुप डांस, मेहंदी रचाओ, पोस्टर बनाओ सहित अन्य प्रतियोगिताओं में बढचढ कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा, कला और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अतिथि पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल ने घोषणा की कि वे हर वर्ष महाविद्यालय की दस प्रतिभावान छात्राओं को अपने व्यवसाय में रोजगार देंगे। प्राचार्य कुलदीप पंघाल ने अतिथियों का स्वागत किया व कहा कि इस मंच से प्रतिभावान छात्राओं को अपनी प्रतिभा, कुशलता और कला को सामने लाने का अवसर मिलेगा। छात्राओं ने हरियाणा, पंजाब, राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों की भाषा और संस्कृति पर आधारित एकल नृत्य कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जिसे उपस्थिजनों ने खूब सराहना की। पंजाबी भाषा में कविता वाचन के लिए प्रतिभागी छात्रा को खूब वाहवाही मिली। कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग, मेहंदी रचाओ, रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेकर छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया।

## खबर संक्षेप



### शिविर में 200 से अधिक मरीजों की हुई जांच

**भिवानी।** सेवा पखवाड़े में स्वस्थ नारी-स्वस्थ परिवार अभियान व पोषण माह के तहत गांव प्रेमनगर में शुक्रवार को एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में प्राथमिक सेवा सुई के प्रभारी एवं मेडिकल ऑफिसर डॉ. विनित कुमार और उनकी टीम द्वारा 200 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाईयां दी। इस मौके पर महिला चिकित्सकों की टीम ने गर्भवती महिलाओं की जांच करके उनका और छोटे बच्चों का टीकाकरण किया। शिविर में बीपी, शुगर, मुख, स्तन कैंसर की भी जांच करके आवश्यक दवाइयां भी दी गई।

### बेटियां अब छात्र राजनीति में भी आ रही अव्वल

**बवानीखेड़ा।** शिक्षा और खेल के क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुकी हरियाणा की बेटियां अब छात्र राजनीति में भी परचम लहरा रही हैं। भिवानीके गांव धनाना की दो सगी बहनों ने दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेज चुनावों में बड़ी जीत हासिल कर अपने जिले और परिवार का नाम रोशन किया है। गांव धनाना के निवासी बलदेव राज की बड़ी बेटी प्रियंका घणघस दिल्ली विवि के प्रतिष्ठित मिरांडा हाउस कॉलेज की अध्यक्ष चुनी गई हैं, जबकि उनकी छोटी बहन भारती घणघस ने डीआरसी कॉलेज में उपाध्यक्ष बनी है।

### 7 तक फोटोग्राफी एवं कला प्रदर्शनी में भाग लें

**भिवानी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस को एक अभिनव, रचनात्मक और सहभागी प्रारूप के माध्यम से मनाया जाएगा। इस दौरान हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार कानूनी सहायता के माध्यम से न्याय विषय पर राष्ट्रीय फोटोग्राफी एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भाग लेने के लिए इच्छुक नागरिक 7 अक्टूबर तक फोटोग्राफ, पेंटिंग, रेखाचित्र या वीडियो आदि सात अक्टूबर तक ईमेल आईडी पर भेजने होंगे। वीडियो और फोटो न्याय विषय पर आधारित होने चाहिए।

## परीक्षा शुल्क 500 से बढ़ाकर किया एक हजार रुपये : प्रवीण बूरा

# सीबीएलयू के छात्रों ने परीक्षा परिणामों में देरी व शुल्क बढ़ोत्तरी के खिलाफ खोला मोर्चा

**परीक्षा परिणाम जारी करने में विलंब से विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटका**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय में परीक्षा परिणामों में देरी और बढ़ी हुई परीक्षा शुल्क को लेकर विद्यार्थियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। विश्वविद्यालय के बीफार्मेसी के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को छात्र नेता प्रवीण बूरा के नेतृत्व में सीबीएलयू के डीन ऑफ अकेडमिक इंचार्ज दिनेश मदान के माध्यम से कुलपति के नाम मांगपत्र सौंपा तथा चौथे सेमेस्टर (री-अपीयर) परीक्षा के परिणाम में हो रही देरी पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है। छात्रों का आरोप है कि इस देरी से उनका भविष्य खतरे में है। छात्र नेता प्रवीण बूरा ने कहा कि सीबीएलयू के छात्र नेता सुमित बराड़ ने कहा कि शिक्षा जैसी पवित्र प्रक्रिया को भी पैसे कमाने का जरिया बना दिया गया है। यह न सिर्फ छात्रों की मेहनत और संघर्ष का अपमान है, बल्कि उनके भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ है। उन्होंने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय का रवैया पूरी तरह से मनमाना और गैर-ज़िम्मेदाराना है। ज्ञापन के दौरान छात्रों ने साफ कहा कि अगर उनकी माँगों पर तुरंत और ठोस कदम नहीं उठाए गए तो अब यह मुद्दा केवल ज्ञापन और मीटिंग तक सीमित नहीं रहेगा। छात्र समुदाय सडक़ों पर उतरकर शांतिपूर्ण नहीं बल्कि उग्र और व्यापक आंदोलन करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि इस आंदोलन की पूरी ज़िम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।



भिवानी। मांगों को लेकर अधिकारी को मांगपत्र सौंपते हुए। फोटो: हरिभूमि

### परिणाम में विलंब से भविष्य अधर में

छात्र नेता सुमित बराड़ ने कहा कि विद्यार्थी लंबे समय से अपने पहले व दूसरे सेमेस्टर (री-अपीयर) परीक्षा के परिणाम का इंतजार कर रहे हैं। परीक्षार्थी परीक्षा के लिए पूरी तैयारी के साथ उपस्थित हुए थे, लेकिन परिणाम में अप्रत्याशित देरी ने उन्हें मानसिक रूप से परेशान कर दिया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने की पूरी उम्मीद है, लेकिन परिणाम में विलंब से उनका भविष्य अधर में लटका हुआ है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि इस मामले पर तुरंत ध्यान दिया जाए और परिणामों की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि विद्यार्थियों का सही मूल्यांकन हो सके। री-इवैल्यूएशन और री-अपियर की फीस वृद्धि छात्रों की जेब से पैसा लूटने की गंदी साजिश है। क्या गरीब और मिडिल क्लास छात्रों की मेहनत और भविष्य की कोई कीमत नहीं है, हम यह अन्याय स्वीकार नहीं करेंगे। अगर फीस वापस नहीं ली गई तो हम सडक़ों पर ऐसा आंदोलन करेंगे कि प्रशासन की नींव हिल जाएगी। यह छात्रों के भविष्य की लड़ाई है और इसमें हम पीछे नहीं हटेंगे। री-इवैल्यूएशन और री-अपियर की फीस वृद्धि छात्रों की जेब से पैसा लूटने की गंदी साजिश है।

### छात्र परेशान

प्रवीण बूरा ने कहा कि उनकी परेशानी सिर्फ परिणाम में देरी तक सीमित नहीं है। विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एक नई अधिसूचना जारी की है, जिसमें विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षा शुल्क में बढ़ोतरी की गई है। इस अधिसूचना के अनुसार, स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए मुख्य परीक्षा शुल्क 500 रुपये से बढ़ाकर 550 रुपये प्रति सेमेस्टर कर दिया गया है। वहीं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का शुल्क 600 रुपये से बढ़ाकर 650 रुपये प्रति सेमेस्टर किया गया है।

### मांगों पर ध्यान नहीं

छात्र नेता प्रवीण बूरा ने कहा कि एक तरफ तो विश्वविद्यालय परीक्षाओं के परिणाम जारी करने में देरी कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ शुल्क में बढ़ोतरी करके उन पर आर्थिक बोझ डाल रहा है। यह वृद्धि छात्रों के हित में नहीं है और इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन ने जल्द ही उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो आंदोलन करेंगे।



भिवानी। मांगों को लेकर सीएमओ को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो: हरिभूमि

# बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

- बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारियों ने लिया ऑनलाइन कार्य बंद करने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन भिवानी ने शत प्रतिशत ऑनलाईन कार्य बंद करने बाबत सूचना व अपनी अन्य मांगों को लेकर सिविल सर्जन को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र सौंपते हुए प्रधान रविन्द्र कुमार ने बताया कि एमपीएचडब्ल्यू मेल व फिमेल वर्ग काफी सालों से अपने निजी मोबाइल से ऑनलाईन कार्य करता आ रहा है। विभाग ने जब भी हमें किसी भी कार्य के लिए कहा तो उन्होंने पूर्ण आस्था और पूर्ण निष्ठा के साथ सभी आदेशों का पालन करते हुए सभी ऑनलाईन कार्य कर विभाग का हर कदम पर साथ दिया।

### आंखों पर एक प्रतिकूल प्रभाव पड़ता

उन्होंने कहा कि मोबाईल एक दूरभाष यंत्र है जिसे आपसी देश-प्रदेश व विदेश में बातचीत के लिए निर्माण किया गया है। परंतु विभाग ने इसे एक ऑनलाइन कार्य का जरिया बना लिया। इस यंत्र से कार्य करके आंखों पर एक प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। सारा दिन इसके इस्तेमाल से शारीरिक और मानसिक पीड़ा का सामना करना पड़ता है। यह तो वही बात हो गई की शेविंग ब्लेड से सब्जी काटना। प्रतिदिन ऑनलाइन का कार्य बढ़ता जा रहा है। इसलिए अब दूरभाष यंत्र से ऑनलाइन कार्य नामुमकिन हो गया है। विभाग से काफी लंबे समय से तेज गति इंटरनेट, वाई-फाई और डेस्कटॉप या लैपटॉप की अर्जी लगाई जा चुकी है परंतु विभाग की अनदेखी के चलते वे इन संसाधनों से वंचित हैं।

# चेयरमैन ने पानी निकासी को संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा में जमा बरसाती व अन्य पानी की निकासी को लेकर नगर पालिका चेयरमैन ने पिछले काफी दिनों से मोर्चा संभाला हुआ है। मौजूदा 24 ईंची पाइपलाइन का कार्य पूर्ण करवाने में भी उन्होंने दिन-रात एक करके मोर्चा संभाला व शहरवासियों को दिक्कतें न हो इसके लिए पूरा प्रयास किया। शुक्रवार को पाइपलाइन शुरू होने पर उन्होंने महिला महाविद्यालय के पास, बिजली निगम कार्यालय के साथ लगते वार्ड व उसके सामनें स्थित वार्ड, हांसी चुंगी, वाल्मीकि मंदिर, सोमवारपुरी कुटिया, ढुंढ़वा जोहड़ आदि स्थानों पर जमा पानी की निकासी के लिए लगभग आधा दर्जन इंजनों का सहारा लेते हुए पानी निकालने का कार्य किया। वहीं इस कार्य में जन स्वास्थ्य विभाग एवं नपा कर्मचारियों ने भी अपनी ताकत झोंक दी।



बवानीखेड़ा। पाइप लाइन कार्य पूरा करवाते हुए नपा चेयरमैन सुंदर अत्री।

### बोले

नपा चेयरमैन ने बताया कि लगभग एक वर्ष पहले पाइपलाइन बिछाने का टैंडर लगा था। जिसे हालिया अमलीजामा पहनाया गया है। हालांकि सभी जानते हैं कि नपा प्रधान द्वारा रात के 12 से 2 बजे तक स्वयं खड़े होकर कर्मचारियों संग मिलकर कार्य किया ताकि शहर की समस्या का निदान हो सके। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी कनिष्ट अभियंता सचिन कौशिक ने बताया कि 29 करोड़ की लागत से रा-वाटर का एस्टीमेट पहले भेजा गया और अब उसे अप्रूवल मिलते ही कार्य किया गया है ताकि शहरवासियों को दिक्कतों का सामना ना करना पड़े।

# एसआरएस लैब स्कूल ने जीती ऑवर ऑल ट्राफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग के आदेशानुसार मॉडल संस्कृति स्कूल में खंड स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई थी।

प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में जिसमें कक्षा पांचवी से आठवीं तथा वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 35 सरकारी स्कूलों के लगभग 400 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें रागनी, लोक नृत्य एकल, लोक नृत्य समुह, नाटिका विधाओं में मुकाबले हुए। प्रतियोगिता में मुख्यअतिथि जिला शिक्षा अधिकारी डा. निर्मल दहिया, वशिष्ठ अतिथि मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाषचन्द्र भारद्वाज व हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के उपाध्यक्ष सतीश कुमार उपस्थित हुए। कार्यक्रम कि अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी डा. अनिल गौड़ ने की व जिला सांस्कृतिक प्रतियोगिता के संयोजक संजय सैनी और इस प्रतियोगिता के संयोजक प्रवेश गौतम रहे। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन मनोज शर्मा व दीपमाला ने किया।



भिवानी। ओवर ऑल ट्राफी विजेता टीम।

### ये रहे परिणाम

कार्यक्रम संयोजक प्रवेश गौतम ने कहा कि प्रथम, द्वितीय व तृतीय को जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। कनिष्ठ वर्ग के लोकनृत्य एकल में एसआरएस स्कूल भिवानी, कन्या स्कूल खरक कलां द्वितीय व जीएमएस हनुमान ढाणी तृतीय, नाटिका में एसआरएस स्कूल प्रथम, राजकीय स्कूल सांगा द्वितीय, कन्या स्कूल बापोड़ा तृतीय, रागनी में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल भिवानी प्रथम, राजकीय स्कूल हालुवास द्वितीय व एसआरएस स्कूल भिवानी तृतीय स्थान पर रहे। वरिष्ठ वर्ग में समूह नृत्य में एसआरएस लैब स्कूल प्रथम, पीएम श्री कन्या स्कूल द्वितीय, राजकीय हाई स्कूल घुसकानी तृतीय, एकल लोकनृत्य में राजकीय मॉडल स्कूल प्रथम, एसआरएस लैब स्कूल द्वितीय व राजकीय कन्या स्कूल खरक कलां तृतीय स्थान पर रहे। नाटिका में राजकीय कन्या स्कूल बापोड़ा प्रथम, एसआरएस लैब स्कूल द्वितीय व एसएनकेजी स्कूल हालुवास तृतीय स्थान पर रहे। रागनी में एसआरएस लैब स्कूल प्रथम, राजकीय मॉडल स्कूल द्वितीय व राजकीय स्कूल बीरण तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को सम्मानित किया।

### जल्द से जल्द नियुक्त करें बूथ लेवल एजेंट: डीसी



**चरखी दादरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा मुनीष नागपाल के निर्देश पर एसडीएम योगेश सैनी व आशीष सांगवान की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित सभागार में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य मतदाता सूची को और अधिक पारदर्शी बनाना तथा मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ राजनीतिक दलों के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बैठक में कहा कि निर्वाचन कार्य की पारदर्शिता और विश्वसनीयता तभी सुनिश्चित हो सकती है जब सभी राजनीतिक दल सक्रिय भूमिका निभाएं। मतदाता सूची में किसी पात्र मतदाता का नाम छूटना और अपात्र नामों का शामिल होना, दोनों ही स्थिति लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए ठीक नहीं है। इसे रोकने के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर राजनीतिक दल अपने बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति करें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# राजयोगी ब्रह्माकुमार को दी श्रद्धांजलि

- ब्रह्माकुमारीज़ संस्था के पूर्व महासचिव भ्राता निर्वैर की प्रथम पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

राजयोगी ब्रह्माकुमार भ्राता निर्वैर का जीवन निःस्वार्थ सेवा, स्नेह एवं सरलता की मिसाल रहा है, जिनका आदर्शपूर्ण व्यक्तित्व हर किसी को प्रेम और नम्रता के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा में सेवाकेंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए व्यक्त किए। ब्रह्माकुमारीज़ संस्था के पूर्व महासचिव भ्राता निर्वैर की प्रथम पुण्यतिथि को "सर्व स्नेही दिवस" के रूप में मनाया। भारतीय नौसेना में देशसेवा करते हुए आध्यात्मिक क्षेत्र में भारतीय संस्कृति व मूल्यों को विश्व स्तर पर फैलाकर 19 सितंबर 2024 को अव्यक्त हो गए।



भिवानी। राजयोगी राजयोगी ब्रह्माकुमार भ्राता निर्वैर को श्रद्धांजलि देते बीके भाई बहन।

### श्रद्धासुमन अर्पित किए

ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने कहा कि निर्वैर ने पूरे जीवन में समर्पण और त्याग की भावना से संस्था की सेवा की, उनका जीवन संदेश यही है कि सच्चा सुख दूसरों की सेवा और ईश्वर से गहरे संबंध में है। ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने कहा कि निर्वैर ने हमेशा सबको अपनत्व और स्नेह दिया, उनके व्यक्तित्व से सहजता और विनम्रता झलकती थी। उनकी शिक्षाएं और जीवन मूल्य आज भी हम सबके लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

**विभिन्न समस्याओं की दी जानकारी**

# सीपीएलओ ने अतिरिक्त उपायुक्त से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

तोशाम क्षेत्र सहित भिवानी जिले से विभिन्न सीपीएलओ ने भिवानी के अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवां से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत करवाया।

इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त से मुलाकात करते हुए सीपीएलओ ने बताया कि पिछले 6 महीने से उनकी सैलरी नहीं आई है व पंचायत विभाग द्वारा उनके आई कार्ड तक भी नहीं बनाये गये हैं। कितना ही नहीं बल्कि अनेक सीपीएलओ को अभी तक पंचायत द्वारा ना तो बैठने का स्थान दिया गया है और ना ही कंप्यूटर, प्रिंटर यूपीएस आदि की सुविधा प्रदान की गई है। जिससे उनको पिछले करीबन 2 वर्ष से अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, सीपीएलओ ने कहा कि इन हालातो में उन्हें अपने परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल हो रहा है और भविष्य में यही हालात रहे तो उन्हें यह कार्य छोड़ने पर विवश होना पड़ेगा।



मांगों को लेकर मांगपत्र सौंपते हुए।

### वन मित्र योजना प्रचार ज्यादा प्रभाव कम

**बाढड़ा।** वन मित्र योजना वनीकरण को बढावा देने के लिए सामुदायिक भागीदारी के लिए वर्ष 2024में अधिसूचित की गई थी। सरकार द्वारा स्वयं की गई समीक्षा में सामने आया है कि योजना व्यवहारिक नहीं थी इसलिए वांछित उद्देश्य पूरा नहीं हो सका। समीक्षा उपरांत कुछ संशोधन किय गए हैं वह भी पर्याप्त नहीं है। वन कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान प्रविंदर गुलिया महासचिव विक्रांत दांगी, उपमहासचिव हरेंद्र सचिव अमित बुमरा ने बताया कि संघ ने योजना की अधिसूचना के समय ही सफ़लता पर सवाल उठाए थे जो सही साबित हुए। वर्तमान में अधिसूचित संशोधन पर्याप्त नहीं है। सरकार वन रक्षकों के खाली पदों पर भर्ती करने की बजाय वन मित्र योजना को प्रचारित कर वनीकरण को बढ़ावा देकर जनता की नजरों में धूल झोंक रही है।

### सभ्य समाज की स्थापना करते महापुरुषों की जयंती पर कार्यक्रम

- विश्वकर्मा जयंती के सफल आयोजन पर अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा ने जताई खुशी

**भिवानी।** बीते रोज रोहतक में आयोजित विश्वकर्मा जयंती समारोह का सफल आयोजन हुआ, जिसके लिए अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के जिला प्रधान राजेश जांगड़ा ने समाज के लोगों का आभार जताया। इस आयोजन की सफलता का श्रेय समाज के सभी सदस्यों और पदाधिकारियों को दिया। जांगड़ा ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल महापुरुषों के जीवन आदर्शों से हमें रूबरू करवाते हैं।

**कार्यक्रम** वैश्य महाविद्यालय में शहीदी दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय 'वीर गाथा वाचन प्रतियोगिता'

# छात्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं: शिवरतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

वैश्य महाविद्यालय,भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों द्वारा शहीदी दिवस एवं एन. एस. एस. स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय 'वीर गाथा वाचन प्रतियोगिता' का आयोजन वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय गोयल के नेतृत्व एवं महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों के प्रभारी डॉ कामना कौशिक एवं डॉ मोहनलाल की देखरेख में किया गया। प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोह का शुभारंभ वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरतन गुप्ता, समाजसेवी सचिन जैन,प्राचार्य डॉ संजय गोयल,डीन एकेडमिक डॉ नरेंद्र सिंह,डीन युवा कल्याण प्रो धीरज त्रिखा, स्वपोषित विभाग की निदेशक डॉ प्रोमिला सुहाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों के प्रभारी डॉ कामना कौशिक एवं डॉ मोहनलाल ने किया। कार्यक्रम में मंच का सफल संचालन स्वयंसेविका छवि द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में बल्लभगढ़, गुड़गांव, बहादुरगढ़, हिसार, फतेहाबाद, सिरसा, डबवाली, भिवानी, तोशाम, एवं बहल के महाविद्यालयों के 40 छात्र छात्राओं ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका पूर्व बैंक अधिकारी सुप्रसिद्ध रंगकर्मी कौशल भारद्वाज,के एम शिक्षण महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ राजीव शर्मा एवं बी एल जे एस कॉलेज तोशाम के पूर्व प्राचार्य प्रो यशपाल महता ने निभाई। प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने सभी विद्यार्थियों को वीर शहीदो के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की सीख दी। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक अनुशासित व संयमित रहकर समाज को एक सूत्र में पिरोकर बुराइयों को खत्म करने में अपनी अहम भूमिका अदा करे।



भिवानी। वीर गाथा वाचन प्रतियोगिता का शुभारंभ करवाते हुए। फोटो: हरिभूमि

### वीर योद्धाओं का सम्मान सराहनी

डीन युवा कल्याण प्रो धीरज त्रिखा ने कहा कि वीर योद्धाओं के सम्मान में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन सराहनीय है उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सेवा की भावना का प्रसार करने का बेहतरीन माध्यम है जोकि युवाओं में चरित्र निर्माण, मानवता की सेवा एवं आपसी प्रेम एवं भाई चारे को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होती है। समारोह को कौशल भारद्वाज,प्राचार्य राजीव शर्मा एवं प्रो यशपाल महता ने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में प्रस्तुत की गई रचनाओं की विशेषताओं एवं कमियों की जानकारी देते हुए उन्हें आगे बढ़ने की सीख दी।